कार्यालय महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय जयपुर

एसीबी ने भू–अभिलेख निरीक्षक को 1700 रूपये की रिश्वत लेते ट्रेप किया

जयपुर 9 अप्रेल। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की जैसलमेर टीम ने सोमवार को कार्यवाही करते हुऐ श्री प्रेमदान भू–अभिलेख निरीक्षक शिव अतिरिक्त चार्ज पटवारी, पटवार मण्डल बालासर, तहसील शिव, जिला बाड़मेर को 1700 रू की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो महानिरीक्षक श्री वी.के सिंह ने बताया कि परीवादी श्री आईदान सिंह निवासी ग्राम लीकडी, पोस्ट बालाल तहसील शिव, जिला बाड़मेर ने एसीबी में यह शिकायत दी कि श्री प्रेमदान भू–अभिलेख निरीक्षक शिव अतिरिक्त चार्ज पटवारी, पटवार मण्डल बालासर, तहसील शिव, उससे एवं उसके भाई बन्धुओं के कुल 11 के.सी.सी आवेदनों व डायरियों में इनके खातेदारी भूमि संबंधी इन्द्राज कर अपने हस्ताक्षर करने की एवंज में प्रति आवेदन 200 रूपये की रिश्वत की मॉग कर रहा है। एवं पूर्व में 500 रूपये की रिश्वत की राशि ले भी ली है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उप अधीक्षक पुलिस बाड़मेर श्री अनिल पुरोहित के नेतृत्व उक्त मॉग का सत्यापन करवा कर आज भू– अभिलेख निरीक्षक शिव श्री प्रेमदान को 1700 रूपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रिश्वत की यह राशि भू– अभिलेख निरीक्षक स्वंय के पहली हुई बनियान की जेब में से बरामद की गई एवं अग्रीम कार्यवाही जारी है।